http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8 H–22–400

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, सन् 2018-2019 ई०

सामान्य हिन्दी

समय : 3 घण्टे ] कक्षा XI [ पूर्णांक : 100

खण्ड (क)

1 हिन्दी 'गद्य'-'पद्य' साहित्य के इतिहास पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) हिन्दी की पहली मौलिक कहानी मानी गयी है– 1

(अ) रक्षाबंधन (ब) इन्दुमती

(स) दुलाईवाली (द) पंचपरमेश्वर

(ख) 'हिन्दी प्रदीप' के सम्पादक थे– 1

(1) प्रताप नारायण मिश्र (2) बालकृष्ण भट्ट

(3) राधा चरण गोस्वमी (4) बद्रीनारायण चौधरी 'प्रेमधन'

(ग) छायावादोत्तर युग का प्रारम्भ माना जाता है– 1

(1) 1900 ई० से (2) 1920 ई० से

(3) 1936 ई० से (4) 1950 ई० से

(घ) 'गद्य' से क्या तात्पर्य है ? 2

(अ) 'अष्टछाप' के कवियों का सम्बन्ध भक्तिकाल की किस शाखा से है–

(1) ज्ञानाश्रयी शाखा (2) प्रेमाश्रयी शाखा

(3) कृष्ण भक्ति शाखा (4) रामभक्ति शाखा

(ब) वीरगाथा काल के ग्रन्थों की भाषा है– 1

(1) अपभ्रंश (2) डिंगल-पिंगल

(3) मैथिली (4) अवधी

(कृ० पृ० उ०)

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com



(स) गुरू रामानन्द के शिष्य रहे– 1

(1) मीराबाई (2) सूरदास

(3) तुलसीदास (4) कबीर दास

(द) राम-काव्यधारा की रचना किन भाषाओं में हुई है ? 1

निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5×2=10

(क) आचरण का विकास जीवन का परमोद्देश्य है। आचरण के विकास के लिए नाना प्रकार की सामग्रियों का, जो संसार-संभूत शारीरिक, प्राकृतिक, मानसिक और आध्यात्मिक जीवन में वर्तमान है, उन सबकी (सबका) क्या एक पुरुष और क्या एक जाति के आचरण के विकास के साधनों के सम्बन्ध में विचार करना होगा। आचरण के विकास के लिए जितने कर्म हैं उन सबको आचरण के संघटनकर्ता धर्म के अंग मानना पड़ेगा।

(1) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(2) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(3) व्यक्ति के जीवन का परम उद्देश्य क्या है ?

(4) उपर्युक्त गद्यांश के माध्यम से लेखक किस बात को उजागर करना चाहता है ?

(5) लेखक ने आचरण का संघटनकर्ता किसे बताया है ?

अथवा

(ख) यह आदर्श बहुत ऊँचा है, पर अध्यापक का पद भी कम ऊँचा नहीं है। जो वेतन का लोलुप है और वेतन की मात्रा के अनुसार ही काम करना चाहता है, उसके लिए इसमें जगह नहीं है। अध्यापक का जो कर्त्तव्य है उसका मूल्य रुपयों में नहीं आँका जा सकता। किसी समय

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com



जो शिक्षक होता था, वही धर्म-गुरू और पुरोहित भी होता था। जो बड़ा विद्वान् और तपस्वी होता था, वही इस भार को उठाया करता था। शिष्य को ब्रह्म विद्या का पात्र और यजमान को दिव्यलोकों का अधिकारी बनाना सबका काम नहीं है। आज न वह धर्म-गुरू रहे न पुरोहित। पर क्या हम शिक्षक भी इसीलिए कर्तव्यच्युत हो जायें ? हमको अपने सामने वही आदर्श रखना चाहिए और अपने को उस दायित्व का बोझ उठाने योग्य बनाने का निरन्तर अथक प्रयत्न करना चाहिए।

(1) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(2) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(3) कैसे व्यक्ति को अध्यापक बनने का कोई अधिकार नहीं है ?

(4) पहले के समय में शिक्षक का पदभार कौन धारण करता था ?

(5) शिष्य को किसका पात्र बनाना सबके बस की बात नहीं है ?

4 निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 5×1=10

(अ) "काहे री नलनीं तूँ कुम्हिलानीं,
तेरे ही नालि सरोवर पानी।
जल में उत्पति जल मैं बास, जल मैं नलनी तोर निवास।
ना तलि तपति न ऊपरि आगि, तोर हेतु कहु कासनि लागि।
कहै कबीर जे उदिक समान, ते नहिं मूए हमारे ज्ञान।।

(1) उपर्युक्त पद्यांश के शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।

(2) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(3) कबीरदास ने कमलिनी और जल को किसका प्रतीक माना है ?

(4) जीवात्मा क्यों दुःखों का अनुभव करती है ?

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com



(5) कैसे साधक कभी नहीं मरते ?

अथवा

(ब) मेरौ मन अनत कहाँ सुख पावै।
जैसे उड़ि जहाज कौ पंछी, फिरि जहाज पर आवै।।
कमल-नैन को छाँड़ि महातम, और देव को ध्यावै।
परम गंग को छाँड़ि पियासौ, दुरमति कूप खनावै।।
जिहिं मधुकर अंबुज रस चाख्यौ, क्यौं करील फल भावै।।
सूर-प्रभु कामधेनु तजि, छेरी कौन दुहावै।।

(1) उपर्युक्त पद्यांश के शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।

(2) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(3) कवि किसकी भक्ति में परम सुख का अनुभव करते हैं ?

(4) जहाज का पक्षी किसे कहा गया है ?

(5) कवि ने उक्त में किस भाषा और रस का प्रयोग किया है ?

5 निम्नलिखित में से किसी एक लेखक एवं कवि के जीवन परिचय, भाषा-शैली तथा साहित्यिक कृतियों पर प्रकाश दीजिए— 4+4=8

(1) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (2) आ० महावीर प्रसार द्विवेदी

(3) सन्त कबीर दास (4) कविवर तुलसीदास

6 (क) 'बलिदान' कहानी की कथावस्तु संक्षेप में लिखें। 4

अथवा

'बलिदान' या 'आकाशदीप' कहानी के प्रमुख पात्र (नायक या नायिका) का चरित्र-चित्रण कीजिए। 4

(ख) कुहासा और किरण' नाटक में 'अमूल्य' की चारित्रिक विशेषता पर प्रकाश डालिए। 4

7 श्रवण कुमार' खण्डकाव्य के 'निर्वाण' (अष्टम सर्ग) का सारांश लिखिए।

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com



4

अथवा

'श्रवण कुमार' खण्डकाव्य के आधार पर 'दशरथ' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

खण्ड (ख)

8 निम्नलिखित अवतरणों का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए—

http://www.upboardonline.com

5+5=10

(क) भारतवर्षस्य उत्तरप्रदेशराज्ये प्रयागस्य विशिष्टं स्थानमस्ति। अत्र ब्राह्मणः प्रकृष्टयागकरणात् अस्य नाम प्रयागः अभवत्। गङ्गा-यमुनयोः सङ्गमे सितासितजले स्नात्वा जनाः विगतकल्मषा भवन्ति इति जनानां विश्वासः। अमायां पौर्णमास्यां सङ्क्रान्तौ च स्नानार्थिनामत्र महान सम्मर्दः भवति। प्रतिवर्ष मकरं गते सूर्ये माघमासे तु अनेकलक्षाः जना अत्र आयान्ति मासमेकमुषित्वा च सङ्गमस्य पवित्रेण जलेन, विदुषां महात्मनामुपदेशामृतेन च आत्मानं पावयन्ति।

अथवा

अयं पर्वतराजः भारतवर्षस्य उत्तरसीम्नि: स्थितः तत् प्रहरीव शत्रुभ्यः सततं रक्षति। हिमालयादेव समुद्गम्य गङ्गा-सिन्धु-ब्रह्मपुत्राख्याः महानद्यः शतद्रु-विपाशा-यमुना-सरयू-गण्डकी-नारायणी-कौशिकीप्रभृतयः नद्यश्च समस्तामपि उत्तरभारतभुवं स्वकीयैः तीर्थोदकैः न केवलं पुनन्ति अपितु इमां शस्यश्यामलामपि कुर्वन्ति।

(ख) ये नास्तिका निष्क्रियाश्च गुरुशास्त्रतिलङ्घिनः।
अधर्मज्ञा दुराचारास्ते भवन्ति गतायुषः।।

अथवा

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
चत्वारि तस्य वर्द्धन्ते, आयुर्विद्या यशो बलम्।।

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com



9 निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किन्हीं दो के अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए— 4+4=8

(1) आँखें नीची होना

(2) इधर उधर की लगाना

(3) कूपमण्डूक होना

(4) आँख का अंधा नाम नयनसुख

(5) दूर के ढोल सुहावने

(6) कंगाली में आटा गीला

10 (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प की चयनकर लिखिए— 3×1=3

(1) 'मध्वरिः' का सन्धि-विच्छेद है—

(अ) मधू+वरिः (ब) मधु+अरिः

(स) म+ध्वरिः (द) मध्व+रिः

(2) 'पवनम्' का सन्धि-विच्छेद है—

(अ) पव+नम् (ब) पव्+अनम्

(स) पो+अनम् (द) प+वनम्

(3) 'हिमालयः' का सन्धि-विच्छेद है—

(अ) विद्या+आलय (ब) विद्य+अलयः

(स) विद्याः+अलय (द) विद्य+आलयः

(ख) निम्नलिखित शब्द युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए— 1+1=2

(1) अनल-अनिल

(अ) पृथ्वी और आकाश (ब) अग्नि और वायु

(स) जल और वायु (द) पानी और आग

(2) वृत्त-वित्त

(अ) चरित्र और धन (ब) धन और दौलत

(स) गिरोह और घर (द) गाँव और घर

http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com



(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के दो भिन्न अर्थ लिखिए–
अरुण, अंक, खर, आचार्य 1+1=2

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्द-समूहों के लिए एक-एक शब्द लिखिए–
(1) अण्डे से उत्पन्न होने वाला
(2) धरती-आकाश के बीच का स्थान
(3) बहुत अधिक वर्षा होना
(4) जिसका अनुवाद किया गया हो

(ङ) निम्नलिखित शब्द-रूपों में से किसी एक की विभक्ति और वचन लिखिए– 1+1=2
राज्ञि, जगति, रामाय

(च) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए– 1+1=2
(1) वे सज्जन पुरुष कौन हैं ?
(2) आपकी उपस्थिति आवश्यकीय है।
(3) यह सन्तरे मीठे हैं।
(4) वह दिल्ली से वापस लौट आया है।

11 (क) 'हास्य' अथवा 'करुण' रस की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए। 2

(ख) 'अनुप्रास' अथवा 'यमक' अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए। 2

(ग) 'चौपाई' अथवा 'सोरठा' छन्द का लक्षण सउदाहरण दीजिए। 2

12 अपने नगर की 'नगर पालिका परिषद' के अध्यक्ष के नाम एक पत्र लिखिए, जिसमें अपने वार्ड की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराने हेतु निवेदन किया गया हो। 6

अथवा

अपने जनपद के जिलाधिकारी महोदय के नाम पत्र लिखिये, जिसमें नगर के मुख्य मार्ग पर जाम की समस्या से राहत मिल सके।

http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com



13 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिये–9
(1) बाढ़ : समस्या और समाधान
(2) पर्यावरण : समस्या और समाधान
(3) गंगा प्रदूषण : समस्या और समाधान
(4) जीवन में खेलकूद की आवश्यकता और स्वरूप
(5) छात्र और अनुशासन

http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भैजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com